पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उ०प्र०

राज्यपाल ने लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक की नियुक्ति की

डॉ सोनिया नित्यानंद लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की निदेशक बनी

इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज के प्रभारी निदेशक को सेवा विस्तार मिला

लखनऊ : 29 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने डॉक्टर सोनिया नित्यानंद, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, हिमेटोलॉजी एण्ड स्टेम सेल रिसर्च सेंटर, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक जो भी पहले हो, के लिये डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ का निदेशक नियुक्त किया है।

इसी प्रकार राज्यपाल ने एक अन्य आदेश जारी करते हुए इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज के प्रभारी निदेशक श्री सुनील गुप्ता की 30 अप्रैल, 2021 को समाप्त हो रही सेवा विस्तार की तिथि को पुनः विस्तारित करते हुए 30 जून, 2021 अथवा नियमित निदेशक की नियुक्ति तक बढ़ा दिया है।

—————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(208/20)